से राजेश मांझी व कोजयार से गनौरी मिस्त्री नामक दो व्यक्ति को [illegible] कार्रवाई की जा रही है.

उद्देश्य प्रखंड स्तर पर पदस्थ

महिला की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत

टिकारी. महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी. घटना अलीपुर थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव की है. मृतक महिला की पहचान मखदुमपुर गांव के अनुसूचित टोला निवासी उपेंद्र मांझी की 59 वर्षीय पत्नी ननकी देवी के रूप में हुई है. परिजनों का कहना है कि ननकी देवी की तबीयत खराब हुई थी. ग्रामीण चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया. इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही मौत हो गयी. इस घटना की सूचना पर पहुंची अलीपुर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा है. अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यम ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जायेगी.

सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत, भरौंधा बाजार में मातम

दुखद

प्रतिनिधि, गुरुआ

गुरुआ थाना क्षेत्र के भरौंधा बाजार निवासी व्यवसायी कृष्णा वर्णवाल की मंगलवार की शाम चेरकी लोहा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी. बताया जाता है कि वे ट्रक की चपेट में आ गये, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गयी. इस घटना की खबर मिलते ही भरौंधा बाजार सहित आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है. कृष्णा वर्णवाल अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे. उनके निधन से तीन बच्चियों के सिर से पिता का साया उठ गया है, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. स्थानीय धर्मेंद्र कुमार सोनी, अभिषेक कुमार आदि ने बताया कि कृष्णा वर्णवाल बेहद सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे. बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से अंतिम विदाई दी गयी.

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

1. मेसर्स शिव गुरु राइस मिल एवं शिव गुरु ट्रेडर्स, प्रोपः श्री राजीव कुमार
2. श्री राजीव कुमार पिता श्री सुखदेव सिंह

निवास स्थानः गांव- जगतपुर, पोस्ट- धनधर, थाना- अतरी, जिला- गया, बिहार- 805130

जबकि

अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (54, 2002) के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **20.11.2025** को एक मांग सूचना जारी किया था जिसमे **उधारकर्ता श्री राजीव कुमार प्रोप- मेसर्स शिव गुरु राइस मिल एवं शिव गुरु ट्रेडर्स (163200870000 1011) शाखाः जमुआवां (163200)** को सूचना में उल्लिखित राशि रु. **68,77,768.00** (रुपये अड़सठ लाख सतहत्तर हजार सात सौ अड़सठ मात्र) **दिनांक 30.10.2025** तक उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर अतिरिक्त ब्याज, लागत एवं शुल्क सहित चुकाने के लिए कहा गया था।

उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता एवं आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **वर्ष 2026 की मार्च माह की 17 तारीख** को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता एवं आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है एवं संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन पंजाब नेशनल बैंक द्वारा रु. **68,77,768.00** की राशि एवं उस पर ब्याज के भार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

अचल संपत्ति का विवरणः

संपत्ति का वह सम्पूर्ण भाग जिसमें शामिल है

क्र.सं	सुविधा	
1	सीसी लिमिट रु. 55.00 लाख	**प्राथमिक सुरक्षा** चावल एवं चावल से संबंधित अन्य वस्तुओं (विनिर्माण एवं व्यापार) के संपूर्ण स्टॉक एवं चालू संपत्तियों, प्राप्य राशियों एवं अन्य संपत्तियों, सुरक्षित फिक्स्चर एवं फर्नीचर आदि का बंधक। इकाई की संपत्ति एवं बैंक के वित्तपोषण से खरीदी गई संयंत्र एवं मशीनरी का बंधक।
2		**संपार्श्विक सुरक्षा** **अचल संपत्ति स्थितः** मौजा- जगतपुर, थाना- अतरी, थाना संख्या- 250, अंचल- मोहड़ा, जिला- गया, बिहार, खाता संख्या- 25, प्लॉट संख्या- 321 एवं 322, क्षेत्रफल- 18 डेसिमल, पंजीकृत बंधक विलेख संख्या- 25178 दिनांक 20.10.2023, श्री राजीव कुमार पिता श्री सुखदेव सिंह द्वारा निष्पादित। **चौहद्दी**: उत्तर- बैथ नाथ सिंह, दक्षिण- आटा मिल, पूर्व- सड़क, पश्चिम- बैथ नाथ सिंह

स्थानः औरंगाबाद
दिनांकः 17/03/2026

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

डा. ऑथे
नामे
सख्त क

जागरूक रहें
दुकानदार डा. ऑथे
संदर्भ में उन पर
पब्लिक नोटिस से
यदि कोई भी व्यक्ति
बेचता है, उन सभी
सभी उपभो
रेंज के सभी प्रे
इसलिए मिलते-
खरीदें। यदि आप
बाजार में मिलता
या Helpline No

आपके द्वारा
पकड़ा जाता
जाएगा एवं
डा. ऑथो मै

Dr. Juneja's
D
O
M
820
Email: info@dro